# हरियाणा विधान सभा

**(9 अगस्त, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

## तारांकित प्रश्न

----

**कुल प्रश्न 20**

----

## अवैध कालोनियों की समस्या

*21 **श्री राम कुमार गौतम ( नारनौंद):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य के नगरपालिका क्षेत्र में अवैध कालोनियों की समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## भूमि अधिग्रहण का मुआवजा

*22 **श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या जिला गुरूग्राम में कासन तथा अन्य गांवों की 1810 एकड़ भूमि को विमुक्त करने या किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि के लिए अच्छा मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) किसानों, जिनकी भूमि अधिग्रहित की गई है, के पुर्नवास के लिए सरकार की नीति क्या है ?

----

## अस्पताल को स्थानातंरित करना

*23 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि अस्पताल के वर्तमान स्थल पर जगह की कमी तथा

भीड़ के कारण कालका के नागरिक अस्पताल को स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त नागरिक अस्पताल को पर्याप्त स्थान वाले/किसी अन्य स्थल पर कब तक स्थानातंरित किये जाने की संभावना है ?

----

## सतर्कता जांच से सम्बन्धित ब्यौरा

***24 श्री नीरज शर्मा ( फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि जांच अधिकारी, राज्य सतर्कता ब्यूरो, फरीदाबाद ने अपने पत्र यादि क्रमांक संख्या 1210 दिनांक 27.07.2020 के द्वारा आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद को जांच संख्या-05 दिनांक 26.04.2019 से सम्बन्धित दस्तावेजों को उपलब्ध करवाने के लिए कहा था;

(ख) क्या नगर निगम द्वारा उपरोक्त दस्तावेज उपलब्ध करवाये गए हैं; यदि हां, तो उपरोक्त दस्तावेज किस समय उपलब्ध करवाये गए हैं; यदि नहीं, तो उक्त दस्तावेजों को उपलब्ध करवाने के लिए पत्र पुनः कब लिखा गया ?

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि हरियाणा विधानसभा के स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थानो पर समिति की बैठक में उपरोक्त विषय आया था जिसमें सरकार ने स्वीकार किया है कि निविदा जारी करने के बाद विषय वस्तु तथा विशिष्टताओं को बदला गया तथा अब इस समय पर सरकारी स्तर पर इसे नियमित नहीं किया जा सकता; तथा

(घ) उक्त निविदा की विषय वस्तु तथा विशिष्टताओं को बदलने वाले उन पर अधिकारियों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है तथा उस व्यक्ति का नाम क्या है जिसने उक्त विषय वस्तु तथा विशिष्टताओं को बदलने का निर्देश दिया है ?

----

## रीजनल सेन्टर को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करना

***25 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या कोसली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव लूला अहीर में चल रहे भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के रीजनल सेन्टर को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने या इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के रीजनल सेन्टर के साथ जोडने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा अब तक उक्त मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

----

## लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण

***26** **राव दान सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या जिला महेन्द्रगढ़ के गांव पायगा में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त विश्राम गृह के कब तक निर्मित/पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## अतिभारित वाहनों की आवाजाही को प्रतिबन्धित करना

***27** **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में अतिभारित वाहनों की आवाजाही को प्रतिबन्धित करने में सरकार के सक्षम न होने के कारण क्या हैं ?

----

## अनुसूचित जाति के किसानों को दिए जाने वाले लाभों का ब्यौरा

***28** **श्री जगदीश नायर ( होडल):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि अनुसूचित जाति से संबंधित किसानों की संख्या कितनी है जो वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं तथा उपरोक्त किसानों को दिए लाभों का ब्यौरा क्या है ?

----

## वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय सीमा

***29** **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय सीमा की अन्तिम समीक्षा कब की गई थी तथा नए पेंशनरों के पंजीकृण में देरी के क्या कारण हैं ?

----

## खदानों का ब्यौरा

***30** **डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या खनन तथा भू विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) नांगल चौधरी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव बाखरीजा के प्लॉट संख्या 1,2 तथा 3

में खदानों की गहराई कितनी है;
(ख) क्या उपरोक्त खदानों की गहराई कई प्लाटों में वाटर लेवल से नीचे चली गई है;
(ग) क्या यह पहले से ही इस सूखा ग्रस्त क्षेत्र में भू-जल के संतुलन को प्रभावित करने वाले पर्यावरण मानकों का उल्लंघन है;
(घ) क्या विभाग द्वारा स्वीकृत खनन योजना के अनुसार उपरोक्त खदानों में खनन का संचालन किया गया है; तथा
(ङ) उपरोक्त खदानों के सबंध में पिछले दो वर्षों के दौरान खनन अधिकारियों की आवधिक निरीक्षण रिपोर्ट क्या है ?

----

## सड़क की मरम्मत करना

*31 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर से रादौर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## राज्य में विद्यालयों की कुल संख्या

*32 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में प्राथमिक, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है; तथा
(ख) क्या राज्य में पिछले 8 सालों में राजकीय विद्यालय जो कि बंद हो चुके है, से संबंधित कोई सूचना है तथा अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों की कुल संख्या कितनी है ?

----

## ई.पी.डी.एस. वेबसाईट का संचालन

*33 **श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि नए राशन कार्ड आवेदन करने के लिए ई.पी.डी.एस. वेब साईट फरवरी, 2021 से संचालन रहित है; यदि हां, तो उसके कारण क्या है; तथा
(ख) इसे कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

***34 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या हांसी से कैथल तक चारमार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

***35 श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव सीवानका से अहमदपुर माजरा तक का रास्ता कच्चा है; यदि हां, तो उक्त रास्ते को पक्का करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा उपरोक्त रास्ते को कब तक पक्का किये जाने की संभावना है ?

----

## सामुदायिक भवन का निर्माण

***36 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि नारायणगढ़ विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के किसी गांव में भी अनुसूचित जातियों के लिए धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई सामुदायिक केन्द्र नही है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों में अनुसूचित जातियों के लिए सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## पंजीकृत मजदूरों की कुल संख्या

***37 श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या श्रम एवं रोजगार मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या करनाल जिले में आज तक ब्लाक–वार पंजीकृत किए गए मजदूरों की संख्या कितनी है ?

----

## आरक्षित वन में वृक्ष लगाना

***38 श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गांव कान्टी के आरक्षित वन में लगाए गए बबूल टॉर्टिल एवं मस्कट के सूखे वृक्षों के स्थान पर पीपल, नीम, कीकर, शीशम, बरगद तथा अन्य वृक्ष लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त वृक्षों के कब तक लगाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## कन्या महाविद्यालय के भवन का निर्माण करना

***39 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या यह तथ्य है कि शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पिल्लूखेडा के महिला महविद्यालय की कक्षाएं राजकीय विद्यालय के भवन में चल रही है; तथा

(ख) महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा के भवन का निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त महिला महाविद्यालय की कक्षाएं कब तक महाविद्यालय के नए भवन में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## जल भराव को रोकना

***40 श्री भारत भूषण बत्रा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) गोहाना सड़क के सामने टी.बी. अस्पताल पर स्थित तथा कृष्णा कालोनी, महावीर कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा के पीछे राहड़ वाला नामक तालाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी से संबंधित भूमि का कुल क्षेत्र कितना है; तथा सरकार द्वारा इसे कब अधिगृहित तथा कब्जाया गया तथा वर्तमान में उक्त भूमि किसके कब्जे में है;

(ख) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उक्त भूमि को उपयोग करने का उद्देश्य क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह तथ्य है कि दिनांक 30 जून को उपरोक्त कालोनियों में 4 फीट तक पानी एकत्रित हो गया था; यदि हां, तो वर्षा ऋतु के दौरान उपरोक्त कालोनियों में पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले पग क्या हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 9 अगस्त, 2022.** **सचिव**